भारतीय
मंद बुद्धि बच्चों के लिए
व्यवहार मूल्यांकन मापदण्ड

बेसिक - एम आर

लेखकगण
रीता पेशावरिया
एस. वेंकटेसन

राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान
(कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार)
मनोविकास नगर, सिकन्दराबाद - 500 009.
आं. प्र. भारत.

भारतीय मंद बुद्धि बच्चों के लिए

व्यवहार मूल्यांकन मापदण्ड

(बेसिक - एम आर)

रीता पेशावरिया

एस. वेंकटेसन

राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान

(कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार)

मनोविकास नगर, सिकन्दराबाद - 500 009.

आं. प्र. भारत.

हिन्दी अनुवादक
डॉ. मीरा दुबे
श्री के. एन्. ओझा

सर्वाधिकार सुरक्षित

कॉपी राईट © राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान, सिकंदराबाद, 1993

प्रथम मुद्रण - 1993 यूनिसेफ की वित्तीय सहायता से
पुनर्मुद्रण - 1995 एन. आई. एम. एच.
पुर्नमुद्रण - 2001 **एन. आई. एम. एच.**

आवश्यक सूचना

इस प्रकाशन का पूरा अथवा कोई भी भाग, शिक्षण, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के उद्देश्य से, एन. आई. एम. एच. से लिखित अनुमति लेने पर, किसी भी रूप मे प्रतिकृत किया जा सकता है जिसमे इसका हिन्दी अथवा किसी अन्य राज्यीय भाषा मे अनुवाद भी सम्मिलित है सावधानी बरतें कि यह किसी अन्य लाभ के लिए न हो।

मुद्रण : श्री रमणा प्रासेस, 1-7-270, सरोजिनि देवि रोड, सिकंदराबाद, दूरभाष : 7811750

प्रयोजना दल

रीता पेशावरिया	मुख्य अन्वेषक
के.एन. ओझा	अन्वेषक
एस.वेंकटेसन	अनुसंधान अधिकारी
बीणापाणि महोपात्र	अनुसंधान सहायक
एम.पी. अनुराधा	अनुसंधान सहायक

प्रयोजना सलाहकर समिति के सदस्य

डॉ.एच.पी. मिश्रा — अध्यक्ष
अतिरिक्त प्राध्यापक
चिकित्सा मनोविज्ञान विभाग,
निमहांस, बैंगलोर

डॉ.एन.के. जाँगीरा — सदस्य
प्राध्यापक,
विशेष शिक्षा विभाग,
एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली

डॉ.एस.एस. कौशिक — सदस्य
रीडर, मनोविज्ञानविभाग,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
वाशणसी

प्रो.पी. जयचन्द्रन — सदस्य
विजय ह्यूमन सर्विसेज,
रॉयपेट्टा मद्रास

एन.आई.एम.एच. संकाय

डॉ.डी.के. मेनन
निदेशक,

डॉ.टी. माधवन
सहायक प्राध्यापक,
मनोचिकित्सा विभाग,

डॉ. सरोज आर्या
सहायक प्राध्यापक,
चिकित्सामनोविज्ञान विभाग

डॉ. जयन्ती नारायन
सहायक प्राध्यापक, विशेष शिक्षा विभाग

श्री टी.ए. सुब्बाराव
वाणी एवं श्रवण विज्ञान विभाग

विषय-सूची

		पृष्ठ संख्या
	प्रावक्थन.....	II
	भूमिका.....	IV
	आभार.....	VI
अध्याय 1	परिचय	1
अध्याय 2	व्यवहार मूल्यांकन	4
अध्याय 3	भारतीय परिवेश में उपलब्ध व्यवहार मूल्यांकन मापदण्डों की संक्षिप्त विवेचना	6
अध्याय 4	भारतीय मंद बुद्धि बच्चों के लिये व्यवहार मूल्यांकन मापदण्ड (बेसिक एम आर) - परिचय	15
अध्याय 5	बेसिक-एम आर, (भाग-अ) का विकास	17
अध्याय 6	सामग्री-सूची	32
अध्याय 7	बेसिक - एम आर (भाग-अ) का संचालन एवं अंक देना	37
अध्याय 8	बेसिक एम आर, (भाग-ब) का विकास	42
अध्याय 9	बेसिक एम आर (भाग-ब) का संचालन एवं अंक देना	47
अध्याय 10	भारतीय मंद बुद्धि बच्चों के लिए व्यवहार मूल्यांकन मापदण्ड बेसिक एम आर, (भाग अ एवं भाग ब)	50
अध्याय 11	बेसिक एम आर, भाग-अ के लिये शब्दावली	68
अध्याय 12	बेसिक एम आर, भाग-अ एवं ब के लिये रेकॉर्ड बुकलेट	82
	परिशिष्ट 1 : बेसिक एम आर, भाग - अ के रेखाचित्र का नमूना	117
	परिशिष्ट 2 : बेसिक एम आर, भाग-ब के रेखाचित्र का नमूना	119
	परिशिष्ट 3 : रिपोर्ट कार्ड	121
	परिशिष्ट 4 : संदर्भ	131
	परिशिष्ट 5 : राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान के अन्य प्रकाशन	133

प्राक्कथन

शैक्षणिक योजना बनाने एवं तत्सम्बन्धी हस्तक्षेप के लिए मूल्यांकन महत्वपूर्ण पूर्वाकांक्षा है। ऐतिहासिक दृष्टि से बुद्धि का मूल्याकन 1905 से एल्फ्रड बिने के कार्य से प्रारम्भ हुआ, जब उन्होंने निम्न शैक्षिक उपलब्धियों वाले विद्यार्थियों की जाँच की थी। बुद्धि-लब्धि प्रत्यय का प्रयोग अब मानसिक मंदता की सीमाओं की व्याख्या करने तक ही सीमित है। कोई भी बुद्धि मापक कसौटी उच्च स्तर पर वैयक्तिक अन्तरोंको सूक्ष्मता से मापने का दावा नहीं कर सकती।

मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय विकास हुआ है। जहाँ पहले आँकड़ों को अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त किया जाता रहा है, अब उन्हें प्रत्यक्ष विधियों के माध्यम से एकत्र किया जाने लगा है। पिछले तीन दशकों में व्यावहारिक मूल्यांकन विधियों का ध्यान निम्न तथ्यों के संदर्भ में रहा है :- (अ.) गामक क्रियायें (बं.) शारीरिक प्रतिक्रियायें और (स.) गत्यात्मक मानसिक स्तरों या गुत्थियों अथवा व्यक्तित्व विशेषताओं के मूल्यांकन की अपेक्षा व्यक्ति द्वारा विवरण देना

पारम्परिक मनोमितीय विधि का प्रयोग व्यक्ति के गुणों के लिए किया जाता रहा है, जब कि, व्यावहारिक मूल्यांकन व्यक्ति का वातावरण, जिसमें वह रहता है, पर भार देता है और साथ ही व्यक्ति का उसके वातावरण के साथ परस्पर संबन्धों पर भी।

मूल्यांकन प्रक्रिया में व्यावहारिक आवश्यकताओं पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। इस संदर्भ में आमतौर पर पूछे जाने वाले प्रश्न हैं :-

अ. अक्षमता वाले व्यक्ति विशेष के लिए कौन-कौन सी सेवाएँ उपयुक्त होंगी,

ब. क्षमता बढ़ाने के लिए जिन क्षेत्रों का चयन किया गया है उन्हें किन प्राथमिकता क्रम में रखा जाय।

स. व्यक्ति के मानसिक मंदता का पता लगाना क्या नैदानिक अभ्यास है।

द. प्रशिक्षण योजना कार्यान्वयन के बाद क्या अक्षमता वाला व्यक्ति प्रगति कर रहा है।

क्या कोई ऐसा मूल्यांकन सेट उपरोक्त सभी, प्रश्नों का समाधान कर सकता है। नहीं, श्रेणीबद्ध मूल्यांकनों द्वारा ही व्यक्ति की सम्पूर्ण छवि सामने आ सकती है। जिसके आधार पर पुनर्वास व प्रशिक्षण की भावी योजना सम्बन्धी निष्कर्ष निकाला जा सकता है।

हॉग और रेनिस (1987) ने अपनी पुस्तक "मानसिक मंदता के मूल्यांकन" में मूल्यांकन को चार भागों में वर्गीकृत किया है:

अ. मानक (जन समुदाय के उदाहरण के संदर्भ में (नार्म रेफरेन्स

ब. समायोजन व्यवहार का मूल्यांकन

स. मानक (व्यक्ति विशेष) के संदर्भ में (क्राइटेरियन रेफरेन्स) और,

द. व्यवहार परीक्षण की विधियाँ।

समूह मान की तुलना में मनोमितीय मूल्यांकन में किसी व्यक्ति विशेष की कार्य कुशलता पर अधिक ध्यान दिया जाता है। मनोवैज्ञानिक परीक्षण, जिनसे आई. क्यु. (बुद्धि लब्धि) या डी. क्यु. (विकास लब्धि) के अंक प्राप्त होते हैं, बुद्धिमत्ता का एक व्यापक माप देते हैं जो किसी प्रशिक्षण कार्यक्रम के विकास में शायद ही सहायक होते हैं। समायोजन व्यवहार का मूल्यांकन व्यक्ति की उस सामाजिक क्षमता को सूचित करता है जो व्यक्ति को उपयुक्त स्थान प्राप्त करने में और सामुदायिक समायोजन के लिए पूर्वानुमान लगाने में सहायता करता है। मानक (व्यक्ति विशेष के संदर्भ में) मूल्यांकन न केवल उन व्यवहारों को, जिनमें क्षमता बढानी चाहिए निर्धारित करता है बल्कि, प्रशिक्षण एवं शिक्षण के परिणामों का भी चित्रण करता है। जब कि, व्यवहारिक निरीक्षण केवल उन क्रियाओं का ही वर्णन करता है जो व्यक्ति अपने वातावरण में रहकर करता है।

भारतीय मानसिक विकलांग बच्चों के लिए व्यवहार मूल्यांकन मापदण्ड भाग अ और भाग ब में उन व्यवहारों पर विशेष ध्यान दिया गया है जो मानसिक मंद बच्चों द्वारा उनके वातावरण में घटित होते रहते हैं, और जिनका सीधा निरीक्षण किया जा सकता है। भाग अ मानक व्यवहारों के मूल्यांकन से संबन्धित है जिन्हे प्रशिक्षण के लिए लिया जा सकता है। भाग ब समस्या व्यवहारों से संबन्धित है जिन्हें हस्तक्षेप के लिए चुना जा सकता है। क्षेत्र परीक्षणों से ज्ञात होता है कि भाग अ और ब दोनों ही प्रशिक्षण के लिए संवेदन शील हैं और अपेक्षित विश्वसनीयता (रिलायबिलिटी) और प्रामाणिकता (वैलिडिटी) को सिद्धान्तों को पूरा करते हैं। इस मापदण्ड के विशेष गुण है, शब्दावलियों का प्रबन्ध, जो विश्वसनीयता का मूल्यांकन करने में मदद करती है और अभिलेखन पत्र (रेकार्ड बुकलेट) भी दिया गया है जो किसी भी अध्यापक को, बच्चे की प्रगति आदि के विषय मे आंकड़े/रखने में उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

लेखकों ने इस उपकरण के विकास में अति उत्कृष्ट कार्य किया है जिसमें मूल्यांकन के लिए सभी व्यवहारिक तकनीकों का ध्यान रखा गया है जिससे यह विशेष शिक्षकों द्वारा कक्षा में बड़ी सरलता से प्रयोग किया जा सकता है।

मानसिक मंद बच्चों के प्रशिक्षण के लिए व्यावहारिक नीति की हस्त पुस्तिका के साथ, ऐसी आशा की जाती है कि, "बेसिक – एम.आर." के भाग अ और ब विशेष शिक्षकों के लिए एक लाभदायक उपकरण साबित होंगें। लेखकों को, इसकी और अधिक प्रामाणिकता के लिए और अधिक कार्य करते रहना चाहिए जिससे यह मापदण्ड मंद बुद्धि बच्चे के साथ विस्तृत रूप से प्रयोग में लाया जा सके।

तिथि मार्च 30 1992
स्थान सिकन्दराबाद

डॉ.डी.के. मेनन
निदेशक, एन.आई.एम.एच.

भूमिका

मानसिक मंद जन समूह के लिए मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन उपकरणों का प्रयोग कई रूपों में किया जा सकता है, जिनमें शामिल है, जाँच, पहचान और निदान, वर्गीकरण, चुनाव, निर्देशन, शिक्षण योजना के लिए व्यवहार मूल्यांकन तथा परिवर्तन से सम्बन्धित, प्रमाण पत्र। हमारे भारतीय परिवेश में ऐसे मूल्यांकन उपकरणों के उपलब्धि की स्थिति इतनी उज्ज्वल नहीं है, फिर भी मानसिक मंद व्यक्तियों के शिक्षण - प्रशिक्षण योजना हेतु व्यवहार मूल्यांकन उपकरणों की अपेक्षा नैदानिक मूल्यांकन उपकरणों की स्थिति कहीं बेहतर है।

देश में उपलब्ध व्यवहार मूल्यांकन मापदण्डों के सर्वेक्षण के बाद, "भारतीय मंद बुद्धि बच्चों के लिए व्यवहार मूल्यांकन मापदण्ड" के विकास की आवश्यकता अधिक महसूस की गई। इसमें वस्तुनिष्टता पर विशेष ध्यान दिया गया और यह भी निश्चय किया गया कि, उपकरण का उचित क्षेत्र परीक्षण हो तथा विश्वसनीयता और वैधता से लगी सभी सूचना उपलब्ध रहें।

व्यवहार मूल्यांकन का प्रमुख पहलू है उसकी व्यवहारिकता और वस्तुनिष्टता। मापदण्ड में निहित आइटम, जो व्यवहार के मूल्यांकन के प्रमुख भाग हैं, उनकी वस्तुनिष्टता, जिससे निश्चित रूप से उन्हीं व्यवहारों का मूल्यांकन हो जो स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हों और जिनका मापन हो सके। मूल्यांकन विधि, मापदण्ड का संचालन और प्राप्त फलों को समुचित अंक देना तथा उन्हें प्रामाणिक रूप देना आदि में वस्तुनिष्टता पर विशेष जोर दिया गया ।

मंद बुद्धि व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण योजना बनाने में व्यवहार मूल्यांकन बहुत ही महत्वपूर्ण है। बच्चे के कौशल व्यवहार एवं समस्या व्यवहार दोनों का विस्तृत मूल्यांकन अति आवश्यक है। कुछ समय के हस्तक्षेप के बाद के परिवर्तनों का समुचित जायजा लेने में भी यह मदद रूप है। यदि शिक्षक, इस प्रारम्भिक स्तर पर त्रुटि कर जाय तो आगे का शिक्षण व प्रशिक्षण अर्थहीन हो जाएगा।

"भारतीय मंद बुद्धि बच्चों के लिए व्यवहार मूल्यांकन मापदण्ड" नामक गह पुस्तक, शिक्षकों के लिए विशेष स्कूल में मानसिक मंद बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण मे व्यवहारिक पहलू के प्रयोग संबन्धी प्रोजक्ट के एक भाग के रूप में विकसित की गई है। प्रोजेक्ट का दूसरा भाग " मंद बुद्धि बच्चों के शिक्षण के लिए व्यवहारिक पद्धतिः शिक्षको के लिए पुस्तिका" के रूप में अलग प्रकाशित की गई है।

लेखकों द्वारा सतत प्रयत्न रहा है कि, उन्हीं आइटमों को शामिल किया जाय जो सामाजिक- सांस्कृतिक दृष्टि से भारतीय परिवेश के हों। विकसित किए गए मापदण्ड स्कूल जाने वाले मानसिक मंद बच्चों, जिनकी आयु 3 से 16-18 साल की हो, के लिए अधिक उपयोगी है। फिर भी अन्य बड़ी आयु वाले गम्भीर रूप से मंद व्यक्तियों तथा स्कूल न जा पाने वाले बच्चों के लिए भी उपयोगी हो सकती है। इस उपकरण को वस्तुनिष्ट बनाने के लिए आइटमों को व्यवहारिक शब्दों में लिखा गया है। शब्दावली के होने से इस मापदण्ड के संचालन में विशेष सुविधा मिलेगी व मूल्यांकन से प्राप्त बहुमूल्य सूचना ओं के संग्रह के लिए

रेकार्ड बुकलेट है वस्तुनिष्ट अंक देने की प्रणाली, सामग्री का विवरण, प्रोफाइल और ग्राफ बनाने का साधन और बच्चे के प्रगति का त्रैमासिक रेकार्ड रखना आदि इस मापदण्ड की अन्य विशेषताएँ हैं। इस मापदण्ड के उचित उपयोग के लिए यह सलाह है कि, उपयोगी पहले 1- 2 दिन की प्रशिक्षण कार्य शाला

में भाग ले यों तो यह एक नियम नहीं माना जाना चाहिए ।

स्कूल जाने वाले भारतीय मानसिक मंद बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस मापदण्ड का विकास किया गया है ऐसा नहीं माना जा रहा है कि , यही अंतिम मापदण्ड होगा। मंद बुद्धि बच्चों के मूल्यांकन के लिए एक व्यवहारिक मापदण्ड विकसित करने का प्रयास है इसे एक वैज्ञानिक मापदण्ड बनाने के भरसक प्रयत्न किए गए हैं और आवश्यक विधियों का प्रयोग सुनिश्चित किया गया है। निरंतर यह ध्यान दिया गया है कि, उपकरण शिक्षको के लिए उपयोगी बन पाए। इस संदर्भ मे आगे काम हो सकता है जहाँ व्यक्तिगत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वांछनीय सुधार हों और इसे प्रामाणिक बनाने के अन्य कदम उठाए जायें

Reeta Peshawaria

रीता पेशावरिया
प्रमुख अन्वेषक

आभार

"भारतीय मंद बुद्धि बच्चों के लिए व्यवहार मूल्यांकन मापदंड (बेसिक एम. आर.)" तथा मानसिक मंद बच्चों के शिक्षण की व्यावहारिक पद्धति (शिक्षकों के लिए पुस्तिका)

इस प्रोजेक्ट का क्षेत्र परिक्षण, सामग्री को मुद्रित करने में तीन वर्ष लग गये। इस पुस्तक के सामग्री संकलन में उनको दक्ष व निपुण लोगों ने मदद दी। वे हैं चिकित्सिय मनोविज्ञान विभाग के सेन्ट्रल इन्स्टिटयूट ऑफ साइकियाट्री राँची, नेशनल इन्स्टिटयूट आफ मेन्टल हेल्थ एण्ड न्यूरोसायंसेस, बैंगलूर, मार्डस्ले अस्पताल लंडन के अध्यापको और निपुण व्यक्तियों के कई वर्षों के महत्वपूर्ण योगदान ने व्यवहार तकनीक के क्षेत्र में मेरे विचारों को आकार दिया और मुझे इस प्रोजेक्ट का प्रारम्भ करने में सहयता दी। मैं उनके प्रति और उन सब मानसिक विकलांग बच्चों और उनके परिवारजनों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ, जिनके साथ काम करते हुये हमें यह अनुभव प्राप्त हुआ। मैं यूनिसेफ की भी हार्दिक आभारी हूँ जिन्होने इस पुस्तक के विकास में आर्थिक सहायता प्रदान की। इस प्रोजेक्ट के दौरान डॉ.टी.के. मेनन, एन.आई.एम.एच. ने प्रोत्साहन, मार्गदर्शन व महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं, वे स्मरणीय हैं। लेखकगण उनके ऋणी है। प्रोजेक्ट सलाहकार समिति के दस सदस्यों ने जो योगदान दिया वो प्रसंशनीय है जिनमें प्रो. हरिपाल मिश्रा, प्रो.एन.के. जांगीरा, प्रो.पी. जयचन्द्रन, डा. संध्या सिंह कौशिक है। उनके दिये गये महत्वपूर्ण सुझावों से बेसिक एम.आर. तथा इस मैनुअल को रूप मिला।

इस क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यवसायिकों ने जो चर्चा की तथा पुर्ननिवेशन दिया उससे हमारे कार्य को आलोचनात्मक रूप में मुल्यांकित करने तथा हमारे प्रारूप में सुधार लाने में बड़ी सहायता मिली। इसके लिए प्रो.एस.के. वर्मा, श्रीमती संगीता गुप्ता, डॉ. जयन्ती नारायन, डॉ.के. माधवन, डा. सरोज आर्या सुश्री शैलजा रेड्डी, श्री टी.ए. सुब्बाराव, सुश्री तेरीसा कुट्टी तथा सुश्री विजयलक्ष्मी मायरेड्डी की मैं आभारी हैं।

मै उन सब का आभार व्यक्त करना चाहती हूँ जिन्होने इस प्राजेक्ट में बडी कुशलतापूर्वक कार्य कर अपने आप को समर्पित किया, जिनमे श्री वेंकटेसन अनुसंधान अधिकारी, सु.श्री बीनापानी महोपात्रा तथा श्री एम.पी. अनुराधा सहायक अनुसंधानकर्ता, इनके साथ काम करने में मुझे बडी खुशी हुई! सह अनुसंधानकर्ता श्री के.एन. ओझा सहायक प्रोफेसर, चिकित्सा मनोविज्ञान, एन.आई.एम.एच. (आर.टी.सी.) नई दिल्ली ने इस प्रॉजेक्ट की सामग्री निर्माण मे साहयता दी तथा डॉ.मीरादुबे हिन्दी प्राध्यापिका एन.आई.एम.एच. के साथ हिन्दी मे अनुवाद कार्य का कार्यभार संभाल कर विशेष सहायता प्रदान की डॉ. मीरादुबे ने न केवल अनुवाद मे सहायता दी बल्कि, प्रूफ रीडिंग का कार्यभार भी संभाला, उनके अथक प्रयास के बिना इस कार्य का पूर्ण करना अंसभव था उनकी मैं विशेष आभारी हूँ।

बेसिक (एम आर) तथा इस मॅन्युअल के क्षेत्र परिक्षण का कार्य बडा ही कठिन कार्य लग रहा था . दिल्ली, संस्थानो/विशेष स्कूलों क अध्यक्षों व शिक्षकों व कर्मचारियों ने जो सहायता दी उससे हमें प्रोत्साहन मिला जिनमे मनोचैतन्या स्कूल मेंटली रिटार्डेड चिल्ड्रन (पेमेनकैप) सिकन्दराबाद, मॉडल स्कूल फॉर द मेंटली डिफिसियेंट चिल्ड्रन कस्तुरबा निकेतन, लाजपत नगर, नई दिल्ली, ओखला सेंटर, ओखला मार्ग, नई दिल्ली तथा स्वीकार रिहैबिलिटेशन इन्स्टिटयूट फॉर द डिसेबल्ड, हैदराबाद के अध्यक्ष एवं कर्मचारी

हैं। श्रीमती संगीता गुप्ता, अनुसंधान अधिकारी एन.आई. एम.एच. (आर.टी.सी.) दिल्ली, जिन्होने इस क्षेत्र परिक्षण तथा ओखला सेंटर के शिक्षको के कार्यशाला के आयोजन मे मदद दी वो प्रशंसनीय हैं। उनकी मै अत्यन्त आभारी हूँ।

श्री सूर्य प्रकाश सांख्यिकी सहायक I, एन.आई.एम.एच. ने क्षेत्र परिक्षण के समय प्राजेक्ट के विश्लेषण व आंकडे प्राप्त करने मे कम्प्युटर सहायता दी उनकी भी मैं आभारी हूँ।

श्री वी. शंकर कुमार आंशुलिपिक एन.आई.एम.एच. ने कार्यालय समय के बाद अतिरिक्त समय देकर प्राजेक्ट मे मदद दी। मैं उनके भी अथक प्रयास के लिए आभारी हूँ प्रशासन विभाग तथा लेखाविभाग ने जो सदैव तत्पर होकर सहायता दी उनकी सहायता से मैं ऋणमुक्त नहीं हो सकती।

Reeta Pesawaria

रीता पेशावरिया
प्रमुख शोधकर्त्री

अध्याय 1

परिचय

मूल्यांकन व्यक्ति विशेष के बारे मे सूचनाओं का व्यवस्थित रूप से एकत्र करना, उन्हें संगठित करना तथा व्याख्या करना है जिससे उसके विषय मे निर्णय लिया जा सके (सुन्डबर्ग और टेलर, 1962 ; फिस्ख और पियर्सन, 1970)। मानसिक विकलांगता के क्षेत्र में, मूल्यांकन की विभिन्न आवश्यकताओं पर आधारित, अनेक मनोवैज्ञानिक विधियाँ उपलब्ध हैं।

नैदानिक मूल्यांकन का उद्देश्य मानसिक विकलांग बच्चों की पहचान करना और उन्हें सामान्य बच्चों से भिन्न रूप में अलग करना है। एक प्रकार से नैदानिक मूल्यांकन मानसिक विकलांग बच्चोंकी पहचान का माध्यम है नैदानिक मूल्यांकन मनोमितीय मॉडल पर आधारित होता है जिससे व्यक्तियों का आपस मे तुलनात्मक निर्धारण हो सके (विट एवं अन्य, 1989)। इस प्रकार के अध्ययन में किसी समूह या उपसमूह विशेष की कार्य क्षमता का मूल्यांकन व्यापक जन समूह के परिप्रेक्ष में मानसिक प्रक्रियाओं के आधार पर किया जाता है। प्राप्त आँकड़ों को, कई प्रकार के उपलब्ध और मानक रीतियों के आधार पर, मान्य आँकड़ो (स्टैन्डर्ड स्कोर, स्टेनाइन, परसेन्टाइल, प्वाइन्ट स्केल आदि) में परिवर्तित किया जाता है जिससे व्यक्ति विशेष के कुशलता ओं की व्याख्या व तुलना तत्सम्बन्धी समूह से की जा सके। इस प्रकार के विभिन्न मूल्यांकन उपकरण उपलब्ध हैं, जैसे बुद्धि मापन कसौटी, विकास मापक मापदण्ड, समायोजन व्यवहार मापदण्ड आदि।

मानक *मूल्यांकन* (व्यक्ति विशेष के संदर्भ में) विशेष शिक्षा और पुनर्वास चिकित्सा के क्षेत्र मे नये मापदण्डो को लेकर चलता है। समूह मानकों की तुलना में इसप्रकार का मूल्यांकन व्यक्तियों का तुलनात्मक अध्ययन किसी नार्म या स्टैंडर्ड को लेकर नहीं चलता। इसमें तुलनात्मक अध्ययन का संदर्भ व्यक्ति विशेष के अपने ही स्टैंडर्ड होते हैं नकि, समूह मापन के स्टैंडर्ड या नार्म (ग्लेसर एवं निटको, 1971 ; पोफैम, 1973)। मानक मूल्यांकन किन्हीं विशेष प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयत्न करता है जैसे-क्या बालक, 10 में से 8 बार सफलता पूर्वक 'लाल' रंग बोलकर बता पायगा? ऐसा तर्क प्रस्तुत किया जाता है कि, पुराने समूह मापदंड कोई उपयोगी जानकारी नहीं दे पाते, अतिरिक्त इसके कि, व्यक्ति विशेष सामान्य से कितना अलग है। अन्य समूह में, जहाँ विशेषकर हम मानसिक मंद बुद्धि लोगों की बात करते हैं, व्यक्तिगत भिन्नताये इतनी अधिक हैं कि, समूह से तुलना व्यर्थ सी हो जाती है। यह और भी सत्य है, जब मूल्यांकन सूचनायें हमे उचित प्रशिक्षण और पुर्नवास योजनाओं को निश्चित करने के लिए आवश्यक होती हैं। (लिविग्संटन, 1977)।

व्यवहार मूल्यांकनों को एक वस्तुनिष्ठ, निरीक्षण एवं मापन योग्य इकाई के रूप मे जाना जाता है जिसका एक विशिष्ट परिणाम होता है। व्यवहार सुधार/उपचार के क्षेत्र में व्यवहार मूल्यांकन काफी समृद्ध हुआ है (गोल्डेन और पोमरेन्ज, 1968 ; कैन्फर और फिलिप्स, 1970 ; ओलियरी, 1979) नैदानिक और व्यवहार मूल्यांकन के प्रमुख विभेदों को टेबल में दर्शाया गया है :

व्यवहार मूल्यांकन	नैदानिक मूल्यांकन
व्यवहार को उसके वातावरण की क्रिया मानता है,	व्यवहार को उसमें निहित कारणों की क्रिया मानता है,
व्यवहार को व्यक्तिगत प्रक्रियाओं का एक नमूने के रूप में पहचानता है;	व्यवहार को व्यक्ति में निहित तत्वों, जैसे व्यक्तित्व, बुद्धि आदि का लक्षण जानता है
नमूने भिन्न पर परिस्थिति विशेष में व्यवहार विशेष.	नमूने सीमित व्यवहार बृहद एवं सामान्य परिस्थिति में।
मूल्यांकन योजना कार्यान्वयन एवं पुनः मूल्यांकन के लिए होता है.,	मूल्यांकन, पहचान एवं नैदानिक आवश्यकता है
सीधे योजना और हस्तक्षेप की ओर ले जाता है.,	अपरेक्ष रूप से योजना एवं हस्तक्षेप की ओर निर्देश दे पाता है।
सम्पूर्ण योजना कार्यान्वयन व पुनः मूल्यांकन की आवस्थाओं में निरंतर लगा रहता है।	प्रमुख रूप से योजना कार्यान्वयन के पहले तक ही रहती है।

टेबल 1 व्यवहार व नैदानिक मूल्यांकन में भेद

इस प्रकार, हमेशा ही, नैदानिक मूल्यांकन के बाद, व्यवहार मूल्यांकन किया जाता है। *व्यवहार मूल्यांकन में, मानसिक मंद बुद्धि बच्चा क्या कर सकता है या क्या नहीं कर सकता है, के विषय में संगठित रूप से सूचनाओं को एकत्र करना, शामिल है। बच्चे को क्या सिखाना है, इस निर्णय के लिए सूचना की आवश्यकता होती है।*

वस्तुनिष्ठता, व्यवहार मूल्यांकन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। व्यवहार मूल्यांकन के हर चरण में, जिसमें उपकरण का प्रयोग, आंकड़ो को रखना, परिणामों की व्याख्या करना शामिल है, वस्तुनिष्ठता एक आवश्यकता है मानसिक मंद बच्चों में व्यवहार मूल्यांकन के कुछ तरीके हैं साक्षात्कार (कैन्फर और सैस्लो 1969 ; मेयर, लिन्डेल और लाइओन्स, 1977) ; परोक्ष निरीक्षण (ने, 1977); और व्यवहार आकलन मापदण्ड (स्टुआर्ट और स्टुआर्ट, 1972 ; रैथूस, 1973 ; वोल्फ और मैरेन्स, 1974). आदि.

मानसिक मंद व्यक्तियों के प्रशिक्षण हेतु अनेक व्यवहार मूल्यांकन मापदण्ड, पश्चिमी देशों ने विकसित किया है। उनमें से कुछ हैं, बाल्थाजार व्यवहार समायोजन मापदण्ड (बालथाजार 1973), समायोजन व्यवहार मापदण्ड (निहिरा, फास्टर, शल्हास और लिलैन्ड, 1974) , अक्षमता मूल्यांकन सूची (होम्स,

शाह और विंग, 1982), असामान्य व्यवहार जाँच सूची (अमान, सिंह, स्टेवार्ट और फील्ड, 1985), मन्द बुद्धि युवकों के लिए मनोविकृति उपकरण (सेनेटोरी, मैदसोन एवं काजडिन, 1985) व्यवहार विकार मापदण्ड (लेउडर, फ्रेजर और जिव्स , 1987) और अन्य

बेसिक एम.आर. भाग अ और भाग ब के विकास एवं उपयोगिता का विस्तृत विवरण इस पुस्तक में दिया गया है। हमारे देश में मानसिक विकलांग व्यक्तियो के लिए उपयोगी और उपलब्ध व्यवहार मूल्यांकन मापदण्डों की संक्षिप्त विवेचना करने के पहले, इस पुस्तक का प्रारम्भ व्यवहार मूल्यांकन के अभिप्राय और उपयोगों के परिचय से प्रारम्भ होता है बेसिक एम. आर. भाग अ और भाग ब दोनों के विकास से संबन्धित विषयों, जिनमें मापदण्ड की प्रामाणिकता और संवेदनशीलता शामिल है, के लिए अलग अलग अध्याय हैं। मापदण्ड में प्रयुक्त उपकरणों से सम्बन्धित , शब्दावली के लिए रेकार्ड बुकलेट से सम्बन्धित, और मापदण्ड को कैसे दिया जाय आँकड़ों को किस प्रकार रखा और समझा जाये इन सब के लिए अलग अलग अध्याय लिखे गये हैं।

अध्याय 2

व्यवहारमूल्यांकन

व्यवहार मूल्यांकन क्या है ?

यह निर्णय करने से पहले कि, मानसिक मंद बच्चे को क्या पढ़ाया जाये, एक विस्तृत व्यवहार मूल्यांकन आवश्यक है। व्यवहार मूल्यांकन एक अनवरत प्रक्रिया है जिसमें या जिसके माध्यम से निम्न सूचनएँ एकत्र की जाती हैं :-

अ. कौशल व्यवहार का वर्तमान स्तर, और,

ब. मानसिक मंद बच्चे में समस्या व्यवहार का वर्तमान स्तर।

यह सूचना मंद बुद्धि बच्चे के लिए कार्यक्रम तैयार करने तथा प्रशिक्षण में उपयोगी है।

व्यवहार मूल्यांकन क्यों किया जाए ?

शिक्षक को चाहिए कि, वह प्रत्येक मानसिक मंद बच्चे का विस्तृत व्यवहार मूल्यांकन करे। यद्यापि व्यवहार मूल्यांकन एक अनवरत प्रक्रिया है, तीन ऐसे अवसर हैं जिनमें यह अनिवार्य है और विस्तार से किया जाना चाहिए।

1. शिक्षण या प्रशिक्षण योजना प्रारम्भ करने से पहले। इसे **आधारभूत मूल्यांकन** कहते हैं जिसे प्रति वर्ष के आरम्भ में एक बार किया जाता है।
2. शिक्षण और प्रशिक्षण के दौरान इन्हें **त्रैमासिक मूल्यांकन** कहा जाता है, जो हर तीसरे महीने में एक बार किया जाता है।
3. शिक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में। इसे **कार्यक्रम मूल्यांकन** कहते हैं, जो प्रतिवर्ष के अंत में किया जाता है।

व्यवहार मूल्यांकन विधियाँ

मानसिक मंद बच्चों का व्यवहार मूल्यांकन कई प्रकार से किया जा सकता है, जैसे, साक्षात्कार, प्रत्यक्ष निरीक्षण विधि के प्रयोग से, और व्यवहार जाँचसूची या रेटिंग स्केल द्वारा आदि ।

विस्तृत व्यवहार मूल्यांकन से शिक्षक को निम्नलिखित जानकारी मिलने में मदद मिलती है

1. बच्चे में पहले से ही मौजूद कौशल व्यवहार विशेष।
2. विशेष कौशल व्यवहार जो बच्चे में मौजूद न हो।

3. बच्चे को शिक्षण व प्रशिक्षण देने के लिए जिन कौशल व्यवहारो का लक्ष्य रखा गया है।

4. बच्चे को सिखाने के लिए जिन नए लक्ष्य व्यवहारों का चयन हुआ है उनके लिए पूर्व अपेक्षित कुशलताओं की आवश्यकता।

5. बच्चे में किन प्रकार के समस्या व्यवहार हैं।

6. बच्चे को व्यवस्थित रखने के लिए जिन समस्या व्यवहारों को सुधार हेतु लक्ष्य बनाया गया है।

7. अन्य बच्चों की तुलना में या उसी बच्चे की पहले की अवस्था की तुलना, में, शिक्षण या व्यवहार सुधार योजना का उपयुक्त प्रभाव हो रहा है, या नहीं।

अध्याय 3

भारतीय परिवेश में उपलब्ध व्यवहार मूल्यांकन मापदंडों की संक्षिप्त विवेचना

जहाँ तक लेखकों को ज्ञात है, अपने देश में मानसिक मंद बच्चों के प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु आजकल प्रयुक्त विभिन्न मूल्यांकन उपकरणों को उनके प्राप्त करने के पतों के साथ नीचे दिया जा रहा है। हो सकता है, इस सूची में सभी उपकरण न शामिल किए जा सके हों।

अ. मद्रास विकास कार्यक्रम नियोजन प्रणाली (मद्रास डेवेलपमेन्टल प्रोग्रामिंग सिस्टम एम. डी.पी.एस.)

जयचन्द्रन, विमला और कुमार द्वारा निर्मित एम.डी.पी.एस. मानसिक मंद बच्चों के क्रियात्मक कुशलताओं की जानकारी देती है जो व्यक्तिगत शिक्षण योजना तैयार करने में मदद देती है।

इस मापदण्ड में 360 आइटमों को 18 क्रियात्मक खण्डों में बाँटा गया है, क्रमशः जैसे कि, स्थूल गामक, सूक्ष्म गामक, खाना, कपड़े पहनना, सजना-सँवरना, शौचादि क्रिया, भाषा की ग्राह्यता और अभिव्यक्ति, सामाजिक व्यवहार, पढ़ना, लिखना, अंक, समय, रूपये-पैसे, धरेलू सामुदायिक समझ और व्यवसायिकता प्रत्येक खण्ड के 20 आइटमों को विकास के क्रमिक कठिनाई के आधार पर तथा परावलम्ब-स्वावलम्बन की रेखा पर रखा गया है। एम.डी.पी. एस. के साथ एक समायोजन व्यवहार मूल्यांकन भी है जिसकी सहायता से मानसिक मंद बच्चे का मूल्यांकन किया जाता है।

इसकी प्रशासनिक विधि के अन्तर्गत यह जानकारी प्राप्त की जाती है कि, बच्चा वर्तमान स्थिति में कौन सा कौशल व्यवहार कर पाता है और कौन सा नहीं। यह सूचना बच्चे के परोक्ष रूप से निरीक्षण करके, माता-पिता/अभिभावक से साक्षात्कार द्वारा या मूल्यांकन के माध्यम से मिलती है।

प्रत्येक आइटम पर बच्चे की कार्य कुशलता का आकलन दो रूपों में होता है। मापदण्ड में दिए गए लक्ष्य व्यवहार को, यदि बच्चा कर लेता है तो ए और यदि नहीं कर पता है तो ब अक्षर के रूप में अंकित किया जाता है।

एम.डी.पी.एस. से प्राप्त आँकड़ों की मदद से शिक्षक प्रत्येक बच्चे की रूपरेखा तैयार कर पाता है और व्यवहार लक्ष्य निर्धारित कर पाता है। इसके अतिरिक्त, बच्चे की प्रगति का, कुछ समय के बाद, मूल्यांकन कर पाता है। मापदण्ड की प्रामाणिकता मानक तथा क्षेत्र परिक्षण के सम्बन्ध में सूचना नहीं मिल पाई है एम.डी.पी.एस. से सम्बन्धित अधिक सूचना के लिए सम्पर्क करें:

प्रधानाचार्य,
विजय ह्यूमन सर्विसेस
6, लक्ष्मीपुरम स्ट्रीट,
रायपेट्टा, मद्रास 600 014.

ब. वर्ग बनाने तथा शिक्षण के लिए मानसिक मंद व्यक्तियों का मूल्यांकन

राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान, सिकन्दराबाद के विशेष शिक्षा विभाग नें मानसिक विकलांग बच्चे की व्यक्तिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना तैयार करने में मदद स्वरूप जाँच सूचियों की श्रृंखला विकसित की है।

इस श्रृँखला में पाँच जाँच सूचियाँ हैं। प्रत्येक जाँच सूची बच्चे के क्रियात्मक कुशलता के अलग-अलग स्तर के लिए है, जैसे प्राइमरीपूर्व, प्राइमरी, सेकेन्डरी, व्यवसाय पूर्व, और व्यवसायिक। प्रत्येक स्तर पर अपेक्षित कार्य कुशलताओं को बहुत सोच विचार कर चुना गया है और उन्हें यथासम्भव यथार्थ रूप में लिखा गया है। जाँच सूची के प्रत्येक स्तर पर विकास के प्रमुख खण्डों को ध्यान में रखागया है। कौशल के क्रमशः वे खंड हैः गामक, स्वयं की देख भाल, सम्प्रेषण सामाजिक और शिक्षा पूर्व/शैक्षिक। चेकलिस्ट के प्रत्येक खण्ड में आइटमो की संख्या 5 से 20 तक हो सकती है। जाँच सूची मे कुल मिलाकर 370 आइटम हैं

जब कोई बच्चा किसी दिए हुए स्तर पर 80 प्रतिशत सफलता पा लेता है, तो उस बच्चे को अगले स्तर पर तरक्की देने के लिए उचित माना जाता है। जांच सूची पर प्रत्येक आइटम को विवरणात्मक मापक्रम के अनुसार श्रेणियों में रखा जाता है जो क्रमशः इस प्रकार हैः आत्मनिर्भर (आ), संकेत देने पर (सं), शाब्दिक प्राम्प्ट (शा) शारीरिक प्रॉम्प्ट (शारी) पूर्णतः आश्रित है (पू. आ.), और शारीरिक रूप से असमर्थ है (शा अ)।

प्रत्येक बच्चे के सावधिक मूल्यांकन के लिए तीन अवसरो पर जाँच सूचियों के उपयोग की सिफारिस की गई है, अर्थात् जब बच्चा पहली बार स्कूल में लाया गया हो (भर्ती के समय), बीच-बीच में निश्चित अंतराल पर, और अंतिम संयुक्त मूल्यांकन। प्रत्येक आइटम के लिए प्रशिक्षण कार्य प्रणाली भी एक पुस्तिका के रूप में तैयार की जा रही है। प्राइमरी पूर्व स्तर की जाँच सूची के साथ, "हैन्डबुक फॉर दी ट्रेनर्स आफ मेन्टली रिटार्डेड परसन्स-प्री- प्राइमरी लेवेल" पहले ही प्रकाशित हो। चुकी है (नारायन और कुटटी, 1989)। अन्य स्तरों अर्थात् प्राइमरी, सेकेन्डरी, प्री वोकेशनल और वोकेशनल, के लिए पुस्तिकाएँ तैयार की जा रही हैं। इस मापदण्ड की प्रामाणिकता और क्षेत्र परिक्षण के बारे में जानकारी नहीं उपलब्ध हो पाई है।

अधिक विवरण के लिए सम्पर्क करें :-

विशेष शिक्षा विभाग
राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान
मनोविकास नगर, बोइन पल्ली
सिकन्दराबाद 500 011.

स. क्रियात्मक मूल्यांकन उपकरण (फंक्शनल असेसमेन्ट टूल्स)

नेशनल सोसाइटी आफ इक्वल ऑपरच्यूनिटीज फार दी हैन्डीकैप्ड (नासिओ), के शोध खण्ड द्वारा हाल ही में (1990) प्रकाशित "गाइड फार पैरेन्दस आफ चिल्ड्रेन विद मेंटल हैन्डीकैप" नामक पुस्तक मे क्रियात्मक मूल्यांकन जाँच सूची का उल्लेख किया है जो मानसिक मंद बच्चों के चार स्तरों के लिए बनाई गई है। वे स्तर नीचे टेबल में दर्शाए गए हैं :

समूह	वास्तविक आयु	मानसिक आयु
प्राइमरी पूर्व स्तर	3 - 6 वर्ष	5 वर्ष से नीचे
प्रायमरी स्तर	7 - 10 वर्ष	5 - 7 वर्ष
सेकेण्डरी स्तर	10 - 13 वर्ष	7 - 9 वर्ष
व्यवसाय पूर्व	14 - 16 वर्ष	8 से ऊपर

प्रत्येक स्तर पर, क्रियात्मक जाँच सूची कम से कम पाँच मोटे मोटे खण्डों को शामिल करती है, जो क्रमशः गामक कुशलताएँ, स्वयं सेवा कुशलताएँ, सम्प्रेषण कुशलताएँ, सामाजिक कुशलताएँ और शिक्षा पूर्व कुशलताएँ हैं। प्रत्येक खण्ड में आइटमो की संख्या अलग-अलग है और 1 - से 20 तक की हो सकती है।

प्रत्येक बच्चे की कार्य कुशलता का मूल्यांकन विवरणात्मक मापदण्ड पर किया जाता है, जो क्रमशः, आत्मनिर्भर (आ) संकेत देने पर (सं) शाब्दिक प्रॉम्प्ट (शा) शारीरिक प्रॉम्प्ट (शारि) पूर्णतः आश्रित (पू.आ.)।

जब बच्चा जाँच सूची में दर्शाई गई कुशलताओं में से किसी स्तर पर 80 प्रतिशत के स्तर तक पहुँच जाता तो उसे अगले ऊँचे स्तर पर चढ़ाया जा सकता है। प्रत्येक बच्चे का समय समय पर मूल्यांकन कम से कम तीन बार किया जाना चाहिए अर्थात, पहली बार भर्ती के समय, विकास होते रहने के समय और अंतिम समय पर। इस मापदण्ड की प्रामाणिकता और क्षेत्र परीक्षण से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध नही हो पाई है।

जाँच सूची से सम्बन्धित अधिक विवरण के लिए सम्पर्क करें :

शोध खण्ड,
नेशनल सोसाइटी ऑफ इक्वल ऑपरच्यूनिटी
फॉर दी हैन्डीकैप्ड, (नासिओ)
पोस्टल कालोनी रोड, चम्बूर, बम्बई - 400 001.

द. मानसिक मंद बच्चों के लिए पाठ्यक्रम दिशा निर्देश (करिक्यूलम गाइडलाइन्स फार स्कूल्स फार चिल्ड्रेन विद मेन्टल रिटार्डेशन)

मानसिक मंद बच्चों के शिक्षण हेतु विशेष व्यवहार लक्ष्य निर्धारण को विशेष शिक्षकों के लिए सहज बनाने के लिये पाठ्यक्रम दिशा निर्देश ("करिक्यूलम गाइडलाइन्स") का विकास एक प्रोजेक्ट के तहत, किया गया जो महाराष्ट्र सरकार के समाज कल्याण विभाग के सचिव के तत्वाधान में प्रारम्भ किया गया। मानव विकास के पाँच महत्वपूर्ण क्षेत्रं के लगभग 100 कुशलताओं का इन निर्देशों में उल्लेख है, जो क्रमशः गामक, स्वयं सेवा, मनो सामाजिक, सम्प्रेषण और संज्ञानात्मक है। इन कुशलताओं की रूपरेखा में विकासात्मक प्रणाली को बरकरार रखा गया है। जैसे जैसे मापदण्ड आयु वृद्धि की ओर अग्रसर होता है, इसके आइटमों की जटिलता बदली जाती है। पाठ्यक्रम दिशा निर्देश को निम्नलिखित पांच वर्गों के प्रयोग हेतु बनाया गया है :

समूह	वास्तविक आयु	मानसिक आयु
नर्सरी पूर्व	0- 6 वर्ष	0-3 वर्ष
नर्सरी	6-10 वर्ष	3-5 वर्ष
प्राइमरी	10-16 वर्ष	5-9 वर्ष
व्यवसाय पूर्व	12-20 वर्ष	9 वर्ष से ऊपर
व्यवसायिक	20 वर्ष से ऊपर	9 वर्ष से ऊपर

पाठ्यक्रम दिशा निर्देश प्रत्येक के आइटम पर प्रत्येक मानसिक मंद बच्चे का मूल्यांकन किया जाता है, जो सामान्य निरीक्षण, अभिभावकों से मिली सूचनाओं और परिक्षण पर बच्चों के वास्तविक प्रदर्शन पर आधारित होता है। प्रत्येक आइटम पर प्रदर्शन को छः स्तरों पर आंका जाता है, वे स्तर हैं - "आत्मनिर्भर", "शाब्दिक प्रॉम्प्ट" की आवश्यकता, "सांकेतिक प्रेरणा" की आवश्यकता है, भौतिक प्राम्प्ट की आवश्यकता , कर नही सकता, या लागू नहीं होता है। मूल्यांकित मानसिक मंद बच्चे के लिये शिक्षण उद्देश्य को निश्चित करने के पहले आंकलन आंकडो को रेखा चित्र की भांति चार्ट के रूप मे रखा जाता है।

हर तीसरे महीने एक सावधिक मूल्यांकन की सलाह दी गई है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक मानसिक मंद बच्चे का वार्षिक मूल्यांकन होना चाहिये। लेखकों के अनुसार पाठ्यक्रम दिश निर्देश अस्थाई रूप से तैयार किया गया है और भविष्य में संशोधन किया जा सकता है। प्रामाणिकता, और क्षेत्र परीक्षण के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध नहीं है।

पाठ्यक्रम दिशा निर्देश पर अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करे :

प्रशासनिक निदेशक,
जय वकील स्कूल फॉर चिल्ड्रेन इन नीड ऑफ स्पेशल केयर,
सेवरी हिल्स, सेवरी रोड, बम्बई - 400 033.

इ. समस्या व्यवहार जाँच सूची

"आर्गेनाइजेशन ऑफ स्पेशल स्कूल्स फॉर मेन्टली रिटार्डेड चिल्ड्रन" (1989), नामक पुस्तिका में पेशावरिया ने एक समस्या व्यवहार जाँच सूची का सुझाव दिया है जिसमें 17 खण्ड निहित हैं (एक "अन्य वर्ग के साथ")। प्रत्येक आइटम के अन्तर्गत समस्या व्यवहार के उदाहरण भी दिए गये हैं। जाँच सूची का उद्देश्य बच्चों में ऐसे समस्या व्यवहार की पहचान करना है जिन्हें स्कूल या घर मे व्यवहार व्यवस्था की आवश्यकता है। शिक्षकों या अभिभावकों को प्रत्येक जाँच सूची के प्रत्येक आइटम तीन वर्णनात्मक कथनों में रखना है। क्रमशः ये तीन कथन हैं कभी कभी, प्रायः और कोई समस्या नहीं।

जाँच सूची में निहित समस्या व्यवहारों के विभिन्न खण्ड हैं अन्य को शारीरिक आघात, अन्य के साथ दुर्व्यवहार , हिंसक मनोवृत्ति या झुँझलाहट, बेचैन शारीरिक अतिसक्रियता, चंचल या जल्दी ध्यान हट जाना, इधर - उधर घूमना, स्कूल या घर से भाग जाना, गाली देना या गुस्सा करना, रोब जमाना और चालबाजी दिखाना, समूह मे दुर्व्यवहार, झूठ बोलना या धोखा देना एक ही प्रकार के निरर्थक व्यवहार करते रहना, स्वयं घातक व्यवहार, यौन व्यवहार समस्याएँ, अनोखा व्यवहार, भय तथा अन्य प्रमाणिकता एवं क्षेत्र परीक्षण के बारे में सूचना उपलब्ध नहीं हो पाई है।

इस जाँच सूची के बारे में अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें :

पेशावरिया, आर. (1989)। "प्राब्लम बिहेवियर चेकलिस्ट"। बे. नारायन, व डी. के. मेनन के "ऑर्गनाइजेशन ऑफ स्पेशल स्कूल फॉर मेन्टली रिटार्डेड चिल्ड्रन", सिकन्दराबाद, एन. आई.एम.एच.

एफ. अनुमायोजित व्यवहार जाँच सूची (मालअडेप्टिव बिहेवियर चेकलिस्ट)

अनुमायोजित व्यवहार जाँच सूची के कुल 88 आइटम्स 12 खण्डों में विभाजित हैं ("एक अन्य" वर्ग है) विभिन्न खण्ड हैं अन्य को शारीरिक क्षति पहुँचाना, सम्पत्ति को हानि पहुँचाना, अन्य के प्रति दुर्व्यवहार, झल्लाहट की प्रवृत्ति, स्वयं को चोटपहुँचाना, अनोखे व्यवहार, असामाजिक व्यवहार, विद्रोही व्यवहार, अतिचंचल व्यवहार, भय और अन्य।

जाँच सूची का उद्देश्य घर अथवा स्कूल में बच्चों के समस्या व्यवहार की पहचान करना है। बच्चों में

समस्या-व्यवहार का निरीक्षण एक सप्ताह, दिन या घंटे के अन्दर उसकी अवधि और बारम्बारता के आधार पर किया जाता है। जाँच सूची में तीन स्तर के रेटिंग - कभी नहीं (क.न), कभी कभी (क.क), बहुधा (ब) के आधार पर की जाती है। प्रामाणिकता और क्षेत्र परीक्षण के सम्बन्ध में अभी तक कोई सूचना नहीं मिल पाई है। असमायोजित व्यवहार जाँच सूची से सम्बन्धित जानकारी के लिए सम्पर्क करें :

रीटा पेशावरिया/शकीला नाइडू
चिकित्सा मनोविज्ञान विभाग, एन.आई.एम.एच.,
मनोविकासनगर, बोअनपल्ली, सिकन्दराबाद : 500 011.

जी. समस्या व्यवहार जाँच सूची (प्राब्लम बिहेवियर चेकलिस्ट)

घर या स्कूल में मंद बुद्धि बच्चों के विशेष समस्या व्यवहार को पहचानने के उद्देश्य से समस्या व्यवहार जाँच सूची तैयार की गई है। इसमें 88 आइटम्स हैं जिन्हें 12 खण्डों में बाँटा गया है और वे हैं अन्य को शारीरिक क्षति पहुँचाना, सम्पत्ति को हानि पहुँचाना, अन्य से दुर्व्यवहार करना, झल्लाहट की प्रवृत्ति , स्वयं को चोट पहुँचाना, अनोखे **व्यवहार**, असामाजिक व्यवहार, विद्रोही **व्यवहार**, अतिचंचल व्यवहार, भय और अन्य। प्रत्येक आइटम पर तीन स्तर की रेटिंग होती है, जो तीन स्तर हैं कभी नहीं (क न), कभी कभी (क क), बहुधा (ब)। प्रामाणिकता और क्षेत्र परीक्षण से सम्बन्धित सूचना नहीं उपलब्ध है।

समस्या व्यवहार जाँच सूची से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :

आर्या, एस, पेशावरिया आर, नायडू एस. और वेंकटेश एस, (1990) "प्राब्लम बिहेवियर चेकलिस्ट", पेशावरिया आर. "मैनेजिंग बिहेवियर प्राब्लम इन चिल्ड्रन ए गाइड फॉर पैरेन्टस" नई दिल्ली, विकास पब्लिशिंग हाउस, प्राइवेट लिमिटेड।

एच. व्यवहार विकास जाँच सूची (बालक) (बिहेवियर डिजॉर्डर चेकलिस्ट (चाइल्ड))

इस जाँच सूची का उद्देश्य बच्चों में व्यवहार विकार का मूल्यांकन करना है। इस जाँच सूची में 162 आइटम्स हैं जिन्हें 6 खण्डों में विभाजित किया गया है। छः खण्ड क्रमशः हैं चेहरे (मुँह, नाक, कान और आँखें) से सम्बन्धित विकार, सिर, व्यक्तिगत स्वच्छता और अन्य आदतें।

प्रत्येक आइटम के प्रतिक्रिया को पाँच विवरणात्मक मापक्रम हैं अति गम्भीर (अ ग), गम्भीर (ग), सामान्य (सा), नरम (न), और/या न होना (न हो)। जाँच सूची के साथ रेकार्डिंग शीट भी संलग्न है

जिसका प्रयोग बच्चे के सत्रवार मूल्यांकन आँकड़ों को रखने के लिए किया जाता है। प्रामाणिकता और क्षेत्र परीक्षण के सम्बन्ध में सूचना उपलब्ध नहीं है।

जाँच सूची के सम्बन्धित जानकारी के लिए सम्पर्क करें :

डॉ. एच. पी. मिश्रा
अतिरिक्त प्राध्यापक,
चिकित्सा मनोविज्ञान विभाग, एन.आइ.एम.एच.ए.एन.एस. (निमहांस)
होसूर रोड, बेंगलूर - 560 029.

भारत में मानसिक मंद बच्चों के व्यवहार मूल्यांकन उपकरणों की उपलब्धि सूची - सारांश

मूल्यांकन उपकरण	पता/सन्दर्भ
मद्रास विकास कार्यक्रम नियोजन प्रणाली	प्रिन्सीपल, विजय हयुमन सर्विसेज, 6 लक्ष्मीपुरम स्ट्रीट, रॉयपेट्टा, मद्रास - 600 014.
वर्ग बनाने तथा शिक्षण के लिये मानसिक मंद व्यक्तियों का मूल्यांकन	विशेष शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान, मनोविकास नगर, बोअन पल्ली, सिकन्दराबाद - 500 011.
क्रियात्मक मूल्यांकन उपकरण	शोध खण्ड, नेशनल सोसाइटी ऑफ इक्वल ऑपारच्यूनिटी फार दी हैण्डीकैप्ड, (नासिओ) पोस्टल कालोनी रोड, चेम्बूर, बम्बई - 400 001.
मानसिक मंद बच्चों के लिये पाठ्यक्रम दिशा-निर्देश	प्रशासनिक निर्देशक, जय वकील स्कूल फार चिल्ड्रन इन नीड ऑफ स्पेशल केअर, सिवरी हिल्स, बम्बई - 400 033.
समस्या-व्यवहार जांच सूची	पेशावरिया, रीटा (1989) "प्राब्लम बिहेविअर चेकलिस्ट"। जे. नारायन और डी.के. मेनन के "आर्गेनाइजेशन ऑफ स्पेशल स्कूल्स फॉर मेन्टली रिटार्डेड चिल्ड्रन" में। एन .आइ.एस.एच. सिकन्दराबाद।
असमायोजित व्यवहार जाँच सूची	पेशावरिया आर. और नाइडू एस. चिकित्सा मनोविज्ञान विभाग, एन. आई. एम.एच. मनोविकास नगर, सिकन्दराबाद - 500 011.

मूल्यांकन उपकरण	पता/सन्दर्भ
समस्या-व्यवहार जाँच सूची	आर्था एस. पेशावरिया आर., नाइडू एस. और वेंकटेश एस. (1990), "प्राब्लम बिहेविअर चेकलिस्ट" पेशावरिया आर. के, मैनेजिंग बिहेविअर प्राब्लम्स इन चिल्ड्रन ए गाइड फार पेरेन्टस में। विकास पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।
व्यवहार विकार जाँच सूची	डॉ.एच.पी.मिश्रा, अतिरिक्त प्रोफेसर, चिकित्सा मनोविज्ञान विभाग, निमहांस होसूर रोड बेंगलूर - 560 029.
अनुकुल व्यवहार परिमाण (भारतीय संदर्भ में)	गुंती आर.के., और उपाध्याय एस. (1982) "एडाप्टिव बिहेविअर इन रिटार्डेड एंड नॉन रिटार्डेड चिल्ड्रेन", इन्डिअन जर्नल ऑफ क्लिनिकल साइकॉलाजी, 9, 163।

भारतीय परिवेश मे मानसिक मंद बच्चों के व्यवहार मूल्यांकन उपकरणों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा और मानसिक रूप से मंद भारतीय बच्चों के लिए व्यवहार मूल्यांकन मापदण्ड के विकास की आवश्यकता भारतीय परिवेश मे उपलब्ध व्यवहार मूल्यांकन उपकरण एक उपयोगी उद्देश्य की पूर्ति करते आ रहे हैं। फिर भी, हमारे देश में मानसिक मंद व्यक्तियों के लिए उपलब्ध व्यवहार मूल्यांकन मापदण्ड/जाँच सूचियों से सम्बन्धित निरीक्षण, जो निम्नांकित हैं, महत्वपूर्ण जान पड़ते हैं।

1. इनमें से अधिकांश उपकरणों/जाँच सूचियों के आधार पर कौशल व्यवहारों तथा समस्या व्यवहारों के वर्तमान स्तर से सम्बन्धित पूरी और विस्तृत सूचना नही मिल पाती है। केवल कौशल व्यवहारों के मूल्यांकन पर अधिक भार दिया गया है।

2. इन उपकरणों/जाँच सूचियों में शामिल किए गए कुछ आइटम्स व्यवहारिक शब्दों में नहीं लिखे गए हैं।

3. प्रत्येक आइटम को किस प्रकार दिया जाय, इसका स्पष्ट और वस्तुनिष्ट निर्देश कुछ मापदण्डों में नहीं किया गया है।

4. इनमें से कुछ मापदण्डों या जाँच सूचियों के साथ आवश्यक सामग्री (मैटेरियल किट) उपलब्ध नहीं है जिससे कि, मानसिक मंद बच्चों का वस्तुनिष्ट व्यवहार मूल्यांकन किया जा सके।

5. प्रायः सभी उपलब्ध व्यवहार मूल्यांकन उपकरणों में निरीक्षणीय व्यवहार क्रियाओं का सांखिकी मूल्यांकन नहीं होता है।

6. उपलब्ध सभी व्यवहार मूल्यांकन उपकरणों में शब्दावली का अभाव है जिससे उनके प्रत्येक आइटम्स को उचित/वस्तुनिष्ट रूप से निर्देशित नहीं किया जा सकता।

7. उपलब्ध सभी मूल्यांकन उपकरणों में रेकार्ड बुकलेट के न होने से बच्चों के कार्यकलापों का विस्तृत और समय का रेकार्ड नहीं रखा जा सकता है।

8. पहले बताए गए व्यवहार मूल्यांकन उपकरणों से सम्बन्धित तकनिकी जानकारी, जैसे प्रामाणिकता, क्षेत्र परीक्षण और प्रशासनिक विवरण अभी तक उपलब्ध नहीं हो पाए हैं।

उपरोक्त निरीक्षणों को ध्यान में रखते हुए इस प्रयोजन की आवश्यकता की पूर्ति के लिए इस बात का प्रयत्न किया गया है कि "भारतीय मानसिक मंद बच्चों के लिए व्यवहार मूल्यांकन मापदण्ड (बेसिक-एम-आर)" विकसित किया जाए।

अध्याय 4

भारतीय मानसिक विकलांग बच्चों के लिए

व्यवहार मूल्यांकन मापदण्ड (बेसिक - एम आर की परिचय)

भारतीय मानसिक विकलांग बच्चों के लिए व्यवहार मूल्यांकन मापदण्ड (बेसिक - एम आर) का निर्माण, स्कूल जाने वाले मानसिक मंद बच्चों के व्यवहारों के वर्तमान स्तर की क्रमबद्ध जानकारी लेने के लिए किया गया है। 3 से 16 (या 18) साल के मानसिक मंद बच्चों के लिए यह मापदण्ड उपयोगी है। फिर भी, शिक्षक, अति गम्भीर मानसिक मंद व्यक्तियों, जो बड़े हैं के लिए भी मापदण्ड को उपयोगी पा सकते हैं। व्यवहार मूल्यांकन के लिए मापदण्ड सार्थक है और मानसिक मंद बच्चों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के आधार पर इसे पाठ्क्रम योजना को तैयार करने के लिए भी उपयोगी पाया जा सकता है। मापदण्ड का क्षेत्र परीक्षण चुने गए समुदाय पर किया गया है। मापदण्ड की प्रामाणिकता एवं संवेदनशीलता सम्बन्धी सूचनाएँ अगले अध्याय में दी गई हैं।

बेसिक -एम आर को दो भागों में विकसित किया गया है :

अ. भाग अ: मापदण्ड के भाग अ में निहित आइटम्स बच्चे में कौशल व्यवहार के वर्तमान स्तर के मूल्यांकन में सहायक होते हैं।

ब. भाग ब: मापदण्ड के भाग ब मे निहित आइटम्स बच्चे में समस्या व्यवहार के वर्तमान स्तर के मूल्यांकन में सहायक होते हैं।

बेसिक - एम आर, भाग अ, मे 280 आइटम्स है जिन्हे निम्नलिखित सात खण्डों में वर्गीकत किया गया है।

1. गामक
2. दैनिक जीवन की क्रियाएँ
3. भाषा
4. पाठन - लेखन
5. अंक - समय
6. घरेलू - सामाजिक
7. व्यवसाय पूर्व - रूपए - पैसे

प्रत्येक खण्ड में 40 आइटम्स हैं।

प्रत्येक आइटम के समझने में किसी भी उलझन से बचने के लिए मापदण्ड में सभी आइटम्स स्पष्ट रूप से निरीक्षणीय एवं मापनीय शब्दों में लिखे गए हैं। इसके अतिरिक्त शब्दावली भी दी गई है। जिसमें मापदण्ड के कुछ कठिन आइटम और स्पष्ट किए गए हैं। (ऐसे शब्द तारांकित है) मापदण्ड में निहित आइटम्स का चयन इस रूप से किया गया है जिससे मानसिक मंद बच्चों को स्कूल या कक्षा में सिखाने के लिए उन्हें व्यवहार के रूप में लिया जा सके। मानसिक मंद बच्चों को सिखाने के लिए इन आइटम्स को खण्डों या उप खण्डों में कठिनाई क्रम में रखा गया है कि मापक्रम की ऊपर की मंजिल की अपेक्षा नीचे स्तर वाले आइटम्स को अधिक से अधिक मानसिक मंद बच्चे पास कर सकें।

आँकड़ों को अंकों में परिवर्तित करने की निश्चित विधि है, - मापदण्ड के लिए आवश्यक सामग्री बनाने के सुझाव, रेकार्ड बुकलेट, प्रोफाइल शीट और रिपोर्ट कार्ड।इस मापदण्ड में शामिल किए गए हैं आवश्यक अध्याय देखें। प्रत्येक बच्चे के सामयिक त्रैमासिक मूल्यांकन का प्रावधान है, और साथ ही समग्र कौशल व्यवहार आँकड़ों को प्रतिशत में परिवर्तित करने तथा उससे रेखा-चित्र बनाने की सुविधा भी है।

बेसिक - एम आर भाग ब, के 75 आइटम्स निम्नलिखित 10 खण्डों में वर्गीकृत हैं।

1. उग्र और विनाशक व्यवहार
2. झल्लाहट
3. अन्य के साथ दुर्वयवहार
4. स्वयं घातक व्यवहार
5. बार-बार दुहराया जाने वाला व्यवहार
6. अनोखा व्यवहार
7. अति चंचल व्यवहार
8. विद्रोही व्यवहार
9. असामाजिक व्यवहार
10. भय

प्रत्येक खण्ड में आइटम्स की संख्या भिन्न भिन्न है।

आँकड़ों को अंकों में परिवर्तित करने की निश्चित विधि है, रेकार्ड बुकलेट, प्रोफाइल शीट, रिपोर्ट कार्ड आदि मापदण्ड मे शामिल है (आवश्यक अध्याय देखें)। प्रत्येक बच्चे के सामयिक, त्रैमासिक मूल्यांकन का प्रावधान है, और आँकड़ों को समग्र प्रतिशत में बदलने तथा रेखाचित्र बनाने की विधि भी दी गई है।

अध्याय 5

बेसिक-एम आर भाग अ का विकास

बेसिक - एम आर भाग अ को विकसित करने के लिए निम्न लिखित उपाय किए गए;

1. आइटम संग्रह का निर्माण
2. प्रारम्भिक प्रयत्न के लिए आइटम्स का चयन
3. बेसिक -एम आर भाग अ का निर्माण
4. चयन किये गए आइटम्स का प्रारम्भिक प्रयत्न
5. पाइलट अध्ययन
6. व्यवहार मूल्यांकन पर प्रशिक्षण कार्य शाला (इसमें बेसिक-एम आर को भी शामिल किया गया)
7. बेसिक-एम आर भाग का अन्तिम प्रयत्न
8. मानसिक मंद बच्चों में व्यवहार परिवर्तन के प्रति बेसिक-एम आर भाग की संवेदनशीलता
9. विश्वसनीयता
10. वैधता (वैलिडिटी)

1. **आइटम संग्रह का निर्माण (आइटम पूल)** बेसिक-एम आर भाग अ के लिए 421 आइटम्स का संकलन निम्न रूप से किया गया

   अ. देश विदेशों से उपलब्ध व्यवहार मूल्यांकन मापदण्डों का विस्तृत लेखा जोखा लिया गया।

   ब. विशेष स्कूल वातावरण में शिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण किया गया।

   स. मानसिक मंद बच्चों के साथ कार्यरत शिक्षकों के विचारों का संग्रह किया गया।

   नोट: हमारे देश में उपलब्ध मानसिक मंद बच्चों के व्यवहार मूल्यांकन मापदण्डों की सूची पृष्ट 12-13 पर है

2. **प्रारम्भिक प्रयत्न (इनिशिअल ड्राइ आउट)** के लिए आइटम्स का चयन 421 आइटम के संग्रह निर्माण के बाद उन आइटम्स को पुनः चयन के लिए देखा और परखा गया। कई आइटम्स को इस प्रारम्भिक संग्रह से इस लिए निकालना पड़ा, क्यों कि या तो वे विषय निष्ट थे, व्यावहारिक नही थे, या स्कूल में मानसिक मंद बच्चों को सिखाने के लिए उपयुक्त नही थे।

शामिल करना /न शामिल करने की पात्रता

प्रारम्भिक संग्रह में से बेसिक - एम आर भाग अ के मुख्य संग्रह के लिए आइटम्स के चयन के लिए निम्नलिखित शामिल करने/न शामिल करने की पात्रता का अनुसरण किया गया :

1. **वृहत्ता (एक्झास्टिव)**

   मापदण्ड निर्माण का मुख्य उद्देश्य मापदण्ड को वृहत रखा जाए जिसमें मानसिक मंद बच्चे को परावलम्बन से स्वावलम्बी बनने के सभी सम्भव व्यवहार खण्ड शामिल हो सकें।

2. **औचित्य**

   आइटम्स के चुनते समय इस बात का ध्यान रखा गया कि, वे भारतीय परिवेश में उचित हों और उनका यथोचित प्रयोग मानसिक मंद बच्चों के साथ, स्कूल/कक्षा में, हो सकें।

3. **क्रियात्मक**

   आइटम्स को चुनते समय इस बात को ध्यान में रखा गया कि, वे व्यवहारिक हो और मानसिक मंद बच्चों की व्यवहार कुशलता को विकसित कर सकें।

4. **व्यवहार व्यक्त करने वाले**

   उन्हीं आइटम्स को मापदण्ड में स्थान दिया गया जो व्यवहार को निरीक्षणीय और मापे जाने वाले शब्दों में व्यक्त किए जा सकें।

ऊपर बताई गई शामिल/न शामिल करने की पात्रता के आधार पर 117(27.79%) आइटम्स निकाल देने पडे और 304 आइटम्स (72.21%) को मापदण्ड में शामिल कर लिया गया (टेबल 2)। निकाल दिए गए आइटम्स को नीचे टेबल में दर्शाया गया है।

खण्ड	प्रारम्भिक संग्रह	निकाले आइटम्स	मुख्य संग्रह
गामक	88	40	48
दै.जी.क्रि.	76	35	41
भाषा	53	9	44
पढ़ना - लिखना	50	7	43
अंक - समय	45	3	42
घरेलू - सामाजिक	59	15	44
व्यवसाय पूर्व - रूपये पैसे	50	8	42
योग	421	117	304

टेबल 2. बेसिक - एम आर भाग अ टेस्ट आइटम्स पर शामिल/न शामिल करने की पात्रता दर्शाते हुए

अ. निरर्थक आईटम्स

उदाहरण :

जब गोद में लिया जाता है तो कंधें से ऊपर सिर को पाँच सेकेन्ड से अधिक स्थिर रख पाता है (गामक) पेट के बल लेटे रहते हुए अपनी जगह पर (एक ही जगह) घूम लेता है (गामक) नहलाए जाते हुए थोडा या बिल्कुल नहींरूकावट डालता है (दै.जी.क्रि.) दूध की बोतल को पकड कर पीता है (दै.जी.क्रि.) और ध्वनि की और सिर धुमाता है (भाषा)

55 47.00% (निरर्थक आइटम्स/प्रारम्भिक संग्रह में से निकाले गए टेबल-3)

ब. अक्रियात्मक आइटम्स

उदाहरण :

पाँच छोटे टुकड़ों को सीधी और आड़ी कतार में लगा लेता है (गामक) एक टावर बना पाता है (गामक)

1-100 तक सीधे गिन पाता है (समय-अंक)

अक्षरों के ऊपर पेन्सिल घुमा लेता है (पढ़ना-लिखना)

तारे के आकार को चित्रित कर पाता है (पढ़ना-लिखना)

28 (23.97%) आइटम्स अक्रियात्मक से अतः संग्रह से निकाल दिए गए। (टेबल-3)

स. अव्यावहारिक शब्दों में व्यक्त आइटम्स

उदाहरण :

शौच पर नियंत्रण है (दै.जी.क्रि.)

पेशाब पर नियंत्रण है (दै.जी.क्रि.)

धार्मिक या सामुदायिक गतिविधियों मे भाग लेता है (घरेलू-सामाजिक)

समुदाय मे विभिन्न स्थलों का पता लगा लेता है (घरेलू-सामाजिक)

34 (29.03) आइटम्स अव्यावहारिक शब्दों में व्यक्त किए गए थे जिन्हें शामिल नहीं किया जा सका। (टेबल-3)

खण्ड	निरर्थक आइटम्स	अनिरीक्षणीय अमापीय आइटम्स	अक्रियात्मक आइटम्स	योग
गामक	23	7	10	40
दै.जी.क्रि.	20	13	2	35
भाषा	3	3	3	9
पढ़ना-लिखना	1	1	5	7
अंक-समय	–	–	3	3
घरेलू-सामाजिक	8	5	2	15
व्यवसाय पूर्व-रूपये-पैसे	–	5	3	8
कुल योग	55	34	28	117

टेबल-3 बेसिक-एम आर भाग अ के निकाले गए आइटम्स का विश्लेषण

3.बेसिक-एम आर भाग अ की तैयारी

बेसिक-एम आर/भाग के 304 आइटम्स को व्यवहार मूल्यांकन के संदर्भ मे सात प्रमुख खण्डों में रखा गया जो क्रमशः गामक, दैनिक जीवन की कियाएँ भाषा, पढ़ना- लिखना, अंक-समय, घरेलू-सामाजिक और व्यवसाय पूर्व-रूपये पैसे है।

यह बराबर जाँच की गई कि सभी आइटम्स निरीक्षणीय और मापे जाने वाले शब्दों में (व्यावहारिक शब्दों में) लिखे गए हैं। जहाँ भी व्यावहारिक शब्दों में अभिव्यक्ति नहीं हो सकी उन आइटम्स के लिए अलग से शब्दावली बनाई गई जिससे निर्देश और भाव स्पष्ट हो सके। मापदण्ड के प्रत्येक आइटम पर बच्चों की प्रतिक्रिया या उत्तर को अंकों में आसानी से बदला जा सके, इसके लिए परिमाणात्मक व्यवहार मूल्यांकन पद्धति (क्वान्टिटेटिव बिहेविअर मेजरिंग सिस्टम) विकसित की गई।

इसके बाद व्यक्तिगत क्षमताओं पर आधारित, प्रत्येक खण्ड तथा सम्पूर्ण मापदण्ड का प्राप्तांक (रॉ स्कोर) निकाला गया प्रत्येक आइटम पर ऐसे प्राप्तांक 0 (लागू नही) ; 1 (पूर्णतः आश्रित); 2 (भौतिक प्रॉम्ट) ; 3 (शाब्दिक प्रॉम्ट) ; 4 (संकेत) ; 5 (पूर्णतः स्वावलम्बी) तक प्राप्त खण्डों में कितना अधिक प्राप्तांक मिल सकता है, निश्चित कर दिया गया (टेबल-4)।

एक आवश्यक मापक सामग्री किट भी तैयार की गई जिसका उपयोग बेसिक-एस आर के प्रारम्भिक प्रयत्न के समय बच्चे के वस्तुनिष्ट मूल्यांकन में प्रयोग किया जा सके। साथ ही एक रेकार्ड बुकलेट भी तैयार किया गया जिसका उपयोग प्रारम्भिक प्रयत्न के समय बच्चे की क्रिया कुशलता का रेकार्ड रखने के लिए किया जा सके। खण्डों और उप खण्डों के आइटम्स को सावधानी पूर्वक कठिनाई क्रम में रखा गया जिसे बच्चो के कौशल प्रशिक्षण में यथोचित उपयोग में लाया जा सके। इसका यह मतलब

था कि, खण्डों व उपखंडों के आइटमों को इस प्रकार श्रेणी बद्ध क्रमबद्ध किया जाए जिससे मापदण्ड के उपर वाले आइटमों को अधिक बच्चे कर पाए बनिस्पद मापदण्ड के नीचे वाले आइटमों के।

खण्ड	आइटमों की संख्या	अधिकतम अंक
गामक	48	240
दै.जी.क्रि.	41	205
भाषा	44	220
पढ़ना - लिखना	43	215
अंक - समय	42	210
घरेलू - सामाजिक	44	220
व्यवसाय पूर्व - रूपये पैसे	42	210
कुल योग	304	1520

टेबल-4 बेसिक - एम आर भाग अ के प्रथम प्रयत्न में आइटमों की संख्या और सम्भावित अधिकतम अंक।

4. चुने हुए आइटमों का प्रथम प्रयत्न (इनीशियल ट्राईआउट)

बेसिक-एम आर भाग अ, प्रारम्भ में जिसमें 304 आइटम्स थे, प्रथम ट्राइआउट के लिए, एक विशेष स्कूल के पांच शिक्षार्थियों पर आजमाया गया। इन बच्चों में 3 लड़के और 2 लड़कियाँ 6 से 18 आयु वर्ग की और प्राइमरी से लेकर व्यवसाय पूर्व स्तर के थे। इन पाँच बच्चों के प्राप्तांकों ने यह बाताया कि, बेसिक एम आर भाग अ उचित प्रयोग सम्पव है (टेबल - 5)

खण्ड	आइटमों की संख्या	अधिकतम अंक	शिक्षार्थियों का प्राप्तांक				
			1 एस	2 के आर	3 बे	4 ए	5 वी
			स्तर/गम्भीर	सेकेन्डरी	प्राइमरी	व्यवसाय पूर्व	सेकेन्डरी
गामक	48	240	151	204	194	194	206
दै.जी.क्रि.	41	205	62	144	150	158	168
भाषा	44	220	77	158	119	103	156
पढ़ना - लिखना	43	215	43	65	67	56	76
अंक - समय	42	210	51	63	63	68	86
घरेलु - सामाजिक व्यवसाय पूर्व	44	220	56	80	63	102	97
रूपये पैसे	42	210	42	67	67	64	67
कुल योग	304	1520	482	781	743	745	856

टेबल - 5 प्रारम्भिक प्रयत्न के परिणाम

भाग अ के खण्डों में एक दूसरे से तुलना हो सके इसे सुविधाजनक बनाने के लिए अंकों को देना (स्कोरिंग), उनका गणित लगाना और प्राप्तांकों को प्रतिशत में परिवर्तित करने को सरल बनाया गया और इसके लिए खण्ड के कुल 304 आइटम्स को मानसिक मंदता के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न विशेषज्ञों के विचार लिए गये। क्षेत्र के करीब 12 विशेषज्ञों मे विशेष शिक्षक, और चिकित्सा मनोवैज्ञानिक शामिल थे। उन्हें, सभी खण्डों के प्रत्येक आइटम को तीन प्वाइन्ट रेटिंग स्केल में आकलन करने को कहा गया। जैसे यदि उन्हें एक आइटम शिक्षण कर दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण लगे तो उसे 3 का अंक दे, यदि महत्वपूर्ण लगे तो 2 का अंक, और थोड़ा सार्थक लगे तो 1 का अंक इस प्रकार विशेषज्ञों के विचार एकत्र करने के बाद, कम सार्थक आइटमों को निकाल दिया गया और इसके फलस्वरूप प्रत्येक खण्ड में 40 आइटम्स रह गये। टेबल - 6 और 7.

खण्ड	प्रारम्भिक संग्रह	प्रारम्भिक तिरस्करण	फाइनल राउन्ड अप में निकाले गए	आइटम्स की अन्तिम संख्या
गामक	88	40	8	40
दै.जी.क्रि.	76	35	1	40
भाषा	53	9	4	40
पढ़ना - लिखना	50	7	3	40
अंक - समय	45	3	2	40
घरेलू - सामाजिक	59	15	4	40
व्यवसाय पूर्व - रूपये पैसे	50	8	2	40
कुल योग	421	117	24	280

टेबल - 6 बेसिक एम आर भाग अंक प्रारम्भिक और अन्तिम राउन्ड अप के बाद के आइटमों का सारांश

परिवर्तनका क्षेत्र	गामक	टै.जी.क्रि.	भाषा	लिखना पढ़ना	खण्ड अंक-समय	घरेलु सामाजिक	व्यवसाय पूर्व रूपये-पैसे	योग
मापदण्ड								
*वाक्य रचना						1		1
आइटम परिवर्तन क्रम	5		2		1	1	3	12
नियोजित करना शब्दावली	1		3			3	7	14
जोडे गए	6	3	1	5	3	4	6	28
हटाए गए	1		1	1		1	1	5
स्पष्टीकरण			1					1
रेकार्ड बुकलेट जोडे गए			1					
कुल योग	13	3	8	6	4	10	17	62

टेबल-7 प्रारम्भिक प्रयत्न के बाद बेसिक एम आर भाग में परिवर्तन - विषय संदर्भ में।

बेसिक एम आर भाग अके विषय वंस्तु में परिवर्तन के कुछ उदाहरण नीचे दिए जा रहे हैं। ये परिवर्तन प्रारम्भिक प्रयत्न के बाद किए गए या आवश्यक समझे गए।

अ. वाक्य रचना :

"कपड़े' इस्त्री करता है' को "अपने सूती कपड़ों को इस्त्री करता है" में बदला गया।

ब.आइटम को बदला गया

"3 इन्च आगे रखी गई वस्तु तक पहुँच पाता है" को बदलकर "डस्टर से श्याम पट्ट (ब्लैक बोर्ड) साफ करता है" रखा गया।

स.क्रम नियोजन

"में, ऊपर, नीचे के वाक्य में स्थानमहत्व को समझता है" आइटम 11 को 8 पर स्थानान्तरित कर दिया गया।

5.पाइलट अध्ययन

पाइलट अध्ययन, विशेष स्कूल के 20 मानसिक मंद बच्चों को रैन्डम सैम्पलिंग के आधार पर लेकर

किया गया। इन बच्चों मे 9 माइल्ड, 6 माडरेट, और 5 सीविअर थे। बच्चों में 13 बालक और 7 बालिकाएँ थीं और उनकी आयु 6 से 18 साल के बीच की थी तथा विभिन्न स्कूल मे क्रमशः प्राइमरी से लेकर व्यवसाय पूर्व स्तर की कक्षाओं में शिक्षण व प्रशिक्षण पा रहे थे। पाइलट अध्ययन के दौरान इन बच्चों ने जो अंक प्राप्त किए उन्हें तालिका - 8 में दर्शाया गया है। पाइलट अध्ययन ने बेसिक एम आर भाग अके विभिन्न प्राशासनिक पहलूओं को अन्तिम रूप देने में मदद किया।

खण्ड	औसत संख्या	मानक
गामक	163.70	16.53
दै.जी.क्रि.	139.90	32.37
भाषा	118.65	30.93
पढ़ना - लिखना	75.65	29.95
अंक - समय	73.55	26.67
घरेलू - सामाजिक	90.20	22.37
व्यवसाय पूर्व-रूपये पैसे	68.95	23.23
कुल मिलाकर	731.10	169.59

टेबल-8 पाइलट अध्ययन के परिणाम

6. व्यवहार मूल्यांकन पर प्रशिक्षण कार्यशाला (बेसिक-एम आर भाग को शामिल करते हुए)

